प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग**, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

27 जून 2023

**वर्ष 2022-23 के दौरान निजी कॉर्पोरेट कारोबार क्षेत्र का कार्यनिष्पादन**

भारतीय रिज़र्व बैंक ने आज अपने भारतीय अर्थव्यवस्था संबंधी डाटाबेस पोर्टल (वेब लिंक: https://dbie.rbi.org.in/DBIE/dbie.rbi?site=statistics#!2_42) पर वर्ष 2022-23 के दौरान निजी कॉर्पोरेट क्षेत्र के कार्यनिष्पादन से संबंधित आंकड़े जारी किए जो 3,115 सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय (एनजीएनएफ) कंपनियों के संक्षिप्त वित्तीय परिणामों से लिए गए हैं। वर्ष 2021-22 के संबंधित आंकड़े भी तुलना करने के लिए सारणियों में प्रस्तुत किए गए हैं।

***मुख्य बातें***

***बिक्री***

- 2022-23 के दौरान, सूचीबद्ध निजी गैर-वित्तीय कंपनियों ने 19.8 प्रतिशत की बिक्री संवृद्धि (वर्ष-दर-वर्ष) दर्ज की, वहीं विनिर्माण क्षेत्र ने 18.0 प्रतिशत की संवृद्धि दर्ज की, जिसमें मुख्यतः ऑटोमोबाइल, पेट्रोलियम और रासायनिक उद्योगों का योगदान रहा (सारणी 1 ए, 2 ए और 5 ए)।
- सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र ने अपनी उच्च संवृद्धि गति को बनाए रखा और गैर-आईटी सेवा कंपनियों के कार्यनिष्पादन में 2022-23 के दौरान और सुधार हुआ, जिसमें मुख्यतः व्यापार और परिवहन क्षेत्र की मजबूत संवृद्धि का योगदान रहा (सारणी 2 ए और 5 ए)।

***व्यय***

- मांग की स्थिति में सुधार और आनुपातिक बिक्री संवृद्धि के कारण विनिर्माण कंपनियों के कच्चे माल और कर्मचारियों पर व्यय में वृद्धि हुई (सारणी 2ए)।

**ब्याज**

- वर्ष के दौरान सभी तीन प्रमुख क्षेत्रों के लिए ब्याज व्यय में वृद्धि हुई (सारणी 2ए)।
- ब्याज व्यय में वृद्धि के कारण विनिर्माण कंपनियों का ब्याज कवरेज अनुपात (आईसीआर)[1] वर्ष 2021-22 में 8.4 से घटकर 7.3 हो गया; गैर-आईटी सेवा कंपनियों के लिए आईसीआर ने इकाई को पार कर दिया,

[1] आईसीआर (अर्थात्, ब्याज और कर से पहले की आय का ब्याज व्यय का अनुपात) एक कंपनी की ऋण सेवा क्षमता का एक उपाय है। व्यवहार्य आईसीआर के लिए न्यूनतम मूल्य 1 है।

जबकि दूरसंचार समूह को छोड़कर सभी उपक्षेत्रों में व्यवहार्य आईसीआर स्तर था (सारणी 2बी और 5बी)।

*लाभ*

- विनिर्माण और आईटी कंपनियों के लाभ मार्जिन में 2022-23 के दौरान कमी आई; गैर-आईटी सेवा कंपनियों के लिए, परिचालन लाभ मार्जिन स्थिर रहा, लेकिन उन्होंने निवल आधार पर नुकसान दर्ज करना जारी रखा (सारणी 2 बी)।

**सारणियों की सूची**

| सारणी सं. | | शीर्षक | |
|---|---|---|---|
| 1 | ए | सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन | संवृद्धि दर |
| | बी | | चयनित अनुपात |
| 2 | ए | सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन – क्षेत्र-वार | संवृद्धि दर |
| | बी | | चयनित अनुपात |
| 3 | ए | चुकता पूंजी के आकार के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन | संवृद्धि दर |
| | बी | | चयनित अनुपात |
| 4 | ए | बिक्री के आकार के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन | संवृद्धि दर |
| | बी | | चयनित अनुपात |
| 5 | ए | उद्योग के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन | संवृद्धि दर |
| | बी | | चयनित अनुपात |
| व्याख्यात्मक टिप्पणियां | | | |
| शब्दावली | | | |

**टिप्पणी:**

- आंकड़ों के संकलन के लिए अपनाई जाने वाली कार्यप्रणाली वाले व्याख्यात्मक नोट्स, और शब्दावली (संशोधित परिभाषाओं और गणनाओं सहित जो पिछली रिलीज से भिन्न हैं) अंत में दिए गए हैं।

**अजीत प्रसाद**
निदेशक (संचार)

**प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/486**